जनपद - संतकबीरनगर **प्रेस विज्ञप्ति** **दिनॉक 22.07.2022**

आज दिनांक 22.07.2022 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर **श्री अखिल कुमार** पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती **श्री आर0के0 भारद्वाज** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर **श्री सोनम कुमार** के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक **श्री संतोष कुमार सिंह** के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सन्तकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री के खिलाफ की कार्यवाही के अन्तर्गत 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 03 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना धनघटा पुलिस द्वारा 20-10-10 लीटर कुल 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 03 अभियुक्त नाम पता 1 – प्रदीप पुत्र रामजीत निवासी ग्राम मुण्डेरा शुक्ल थाना धनघटा 2 – कुमारी देवी पत्नी राम किशुन निवासी ग्राम चपरा पूर्वी टोला पटौवा थाना धनघटा 3 – मीना देवी पत्नी विक्रम निवासी नेतवापुर थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर थाना धनघटा पर क्रमशः मु0अ0सं0 323 / 2022 व 324 / 2022 तथा 325 /2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण- प्रभारी चौकी बिड़हरघाट उ0नि0 श्री अरुण कुमार पाण्डेय, उ0नि0 श्री पवन कुमार, म0का0 शिमला मिश्रा।

सन्तकबीरनगर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर **श्री सोनम कुमार** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम **में थाना मेहदावल पुलिस द्वारा** 01 वारण्टी नामपता पल्टू पुत्र बुझारत निवासी जमुहट थाना मेहदावल जनपद सन्तकबीनगर को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण- उ0नि0 श्री हरिकेश भारती, हे0का0 नासिर हुसैन, का0 धर्मेन्द्र कुमार यादव।

शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) मे 08 अभियुक्त गिरफ्तार

- **थाना महुली पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 04 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना धनघटा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 1484 द्वारा दो पक्षों के हो रहे मारपीट / विवाद को कराया गया शांत – पीआरवी 1484 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत नेदुला से इवेन्ट संख्या 07348 से कालर ने किसी बारत को दो पक्ष में मारपीट / विवाद होने के संबंध मे सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटना स्थल पर समय से पहुंचकर विवाद को शांत कराकर दोनो पक्ष के व्यक्तियों को विधिक कार्यवाही हेतु थाना धनघटा को सुपुर्द किया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर एक बड़ी घटना घटना घटित होने से बचा लिया गया, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

पीआरवी स्टाफ – उ0नि0 श्री अखिलेश सिहं, का0 अनिल यादव, हो0चा0 रामहित।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 175 वाहनो से 1,50,000 रु0 सम्मन वसूल किया गया

आज दिनांक 22.07.2022 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 175 वाहनों से 1,50,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल वाहन किया गया।